बंगाल परिवहन निगम से मिला दीर्घकालिक बस एक्सचेंज कांट्रैक्ट

कोलकाता। एबिक्स इंक की सहायक कंपनी एबिक्स कैश प्राइवेट लिमिटेड ने जानकारी दी है कि इसे उत्तर बंगाल राज्य परिवहन निगम द्वारा संचालित सभी सरकारी बसों के लिए इंटेलिजेंट ट्रांसपोर्ट मैनेजमेंट सिस्टम(आईटीएमएस) की डिजाइनिंग, विकास, निर्माण, स्थापना, रखरखाव, परिचालन और हस्तांतरण का प्रतिष्ठित आर्डर मिला है। ज्ञातव्य है कि एबिक्स कैश प्राइवेट लिमिटेड बीमा, वित्तीय, स्वास्थ्य देखभाल और ई-लर्निंग उद्योगों के लिए ऑन-डिमांड सॉफ्टवेयर और ई-कॉमर्स सेवाओं की एक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय आपूर्तिकर्ता है। यह नया कॉन्ट्रैक्ट पश्चिम बंगाल राज्य सरकार के तीन प्रमुख परिवहन निकायों - कलकत्ता राज्य परिवहन निगम, पश्चिम बंगाल परिवहन निगम, और दक्षिण बंगाल राज्य परिवहन निगम के साथ पहले से हस्ताक्षरित तीन अनुबंधों अतिरिक्त है।